
## आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ की द्वितीय त्रैमासिक बैठक का आयोजन

## दिनांक 23 अप्रैल 2025

दिनांक 23 अप्रैल 2025 को कुमारी मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविध्यालय बादलपुर में आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ की सत्र 2024 25 की द्वितीय त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया उक्त बैठक में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो अनीता रानी राठौर द्वारा अध्यक्षता की गई एवं बैठक के प्रारंभ में उपस्थित समस्त सदस्यों जिनमे मुख्य रूप से शामिल रहे अकादमिक प्रतिनिधि प्रोफेसर राजीव नयन ,रामानुजन कॉलेज ,दिल्ली विश्वविद्यालय, इंडस्ट्री प्रतिनिधि के रूप में श्री आदित्य घिल्डियाल न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर ग्रेटर नोएडा, बादलपुर ग्राम प्रधान श्रीमती माहिष्मति, अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन से तीरवीर सिंह एवं हर्षित, स्पंदन नमक नॉन गवर्नमेंट ऑर्गेनाइजेशन से श्री सुदेश व कुमारी नीरज बाला, पालकी फूड के CMD श्री अनिल शुक्ला इत्यादि का स्वागत कर बैठक के विषय में सूक्ष्म परिचय दिया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो दीप्ति वाजपेयी द्वारा सदन के सम्मुख विगत बैठक में निर्धारित किए गए एजेंडा की एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा अगली तिमाही हेतु निर्धारित उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला गया जिसमें महाविद्यालय के न्यूज़लेटर के नए अंक का प्रकाशन , वार्षिक पत्रिका ज्ञानांजलि का प्रकाशन, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, आईक्यूएसी कार्यशालाएं, शोध पत्रिका प्रज्ञान एवं शोधांजलि का प्रकाशन, महाविद्यालय परिसर का सौंदर्यीकरण , विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग समिति के द्वारा रोज़गार मेला या प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन एंटरप्रेन्योरशिप एवं इनोवेशनसे संबंधित कार्यशालाओं का आयोजन, डिजिटल सशक्तिकरण, Understanding the transgender community पुस्तक का प्रकाशन , महाविद्यालय की एथिकल समिति का रजिस्ट्रेशन, छात्राओं हेतु छात्रावास का निर्माण महाविद्यालय में clinical diagnostic services की शुरुआत इत्यादि कार्य सम्मिलित रहे। इसके पश्चात उपस्थित गण मान्य जनों से महाविद्यालय के उन्नयन हेतु सुझाव आमंत्रित किए गए। बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा अपने स्तर से महा विद्यालय मैं विभिन्न कार्यों में सहायता एवं सहयोग प्रदान करने हेतु आश्वासन दिया गया। उक्त द्विपक्षीय चर्चा के बाद उक्त बैठक में सम्मिलित समस्त सदस्यों का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक का समापन किया गया । उक्त बैठक के आयोजन में आइक्यूएसी के समस्त आंतरिक पदाधिकारीगण प्रोफेसर दिनेश चंद्र शर्मा, प्रोफेसर शिवानी वर्मा ,डॉ नेहा त्रिपाठी, लेफ्टिनेंट डॉ मीनाक्षी लोहानी ,डॉ अरविंद कुमार यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा एवं सभी के सहयोग एवं प्रयासों से उक्त बैठक अपने उद्देश्यों की पूर्ति में सफल रही ।











**प्रो. अनीता रानी राठौर**

**प्राचार्या**

**प्रो. दीप्ति वाजपेयी**

**प्रभारी**